तुम भी बनाओ

इन्दु हरिकुमार

इन्दु और चन्दु हमेशा कुछ नया करने की उधेड़बुन में लगे रहते। अभी वे सोच ही रहे थे कि आज क्या करें...

...कि उनकी नज़र सुपारी पर पड़ गई। बस फिर क्या था, उन्होंने सोचा क्यों न सुपारी के गुड्डा-गुड़िया बनाएँ। इसके लिए उन्होंने वॉटर या फ्रेबिक कलर, लौंग, कढ़ाई के धागे की लच्छी, सितारों की कढ़ाई वाला छोटा-सा कपड़ा, अच्छी पकड़ बनाने वाली गोंद व ब्रश और जुगाड़ लिए।

बड़ी सुपारी को काले और छोटी सुपारी को ताम्बई रंग से पेंट कर लिया। बड़ी सुपारी पर छोटी सुपारी चिपकाई तो बड़ी सुपारी से बन गया शरीर और छोटी सुपारी से चेहरा।

छोटे मोती चिपकाकर आँखें व होंठ बना लिए। गुड्डे की टोप के लिए लौंग चिपकाई और धागे को उँगली पर लपेटकर बीच में लाल धागा बाँधकर गुड़िया के बाल बना लिए।

सजाने के लिए मोतियों से गुड्डे की शर्ट के बटन व सितारों वाले कपड़े से गुड़िया की ओढ़नी बना ली।